## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत आज

**सतना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 11 मई को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों,तालुका न्यायालयों,श्रम न्यायालयों,कुटुम्ब न्यायालयों में किया जायेगा। सतना जिले में नेशनल लोक अदालत के मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ एडीआर भवन सतना के सभागार में प्रातः 10:30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय श्रीवास्तव करेंगे।

### जिला प्रशासन के प्रयास से कड़ियांन और रामनगर खोखला की पेयजल समस्या हुई दूर



**सतना।** जिले के पहाड़ी अंचल मझगवां के दूरस्थ इलाके के रामनगर,खोखला और कड़ियांन में प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से पेयजल की समस्या दूर हो गई है। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया की खबरों को संज्ञान में लेकर कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सीईओ जिला पंचायत और ईई पीएचई को समस्या का तत्काल निदान करने के निर्देश दिए थे। सीईओ जिला पंचायत ने ईई पीएचई और सीईओ जनपद पंचायत मझगवां की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने ग्राम में पहुंचकर पानी की टंकी का रिपेयर वर्क कराया और जल स्त्रोत में नया मोटर पंप स्थापित कर रामनगर,खोखला और कड़ियांन में पेयजल आपूर्ति बहाल कराई। ग्रामीणों ने पेयजल की आपूर्ति बहाल होने पर खुशी जाहिर की है।

### तीरंदाजी की विभिन्न विधाओं का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 11 और 12 मई को जबलपुर में

**सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना ने बताया कि वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश राज्य अकादमी जबलपुर द्वारा तीरंदाजी की विभिन्न विधाओं का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 11 और 12 मई को रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि चयन कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 11 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे से इंडियन राउंड इवेंट का स्किल टेस्ट,दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रीकर्व/कंपाउंड इवेंट का का स्किल टेस्ट होगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि 12 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक फिजिकल और मेडीकल टेस्ट किया जायेगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को आयु,मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यात्रा,भोजन, आवास एवं अन्य व्यय का वहन खिलाड़ियों को स्वयं करना होगा।

### पेड़ गिरने से ट्रांसफार्मर गिरा

**उमरिया।** मौसम विभाग ने शुक्रवार की शाम से पहले एक बार फिर तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जिले के इलाके प्रभावित होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग में इसके लिए एडवाइजरी जारी की है , मौसम विभाग के अनुसार इन तीनों जिलों में भी तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। बीते दिनों ग्राम घुलघुली के नजदीक शुक्रवार को तेज आंधी चलने के कारण पेड़ बिजली की तार में गिरने के कारण पूरा ट्रांसफार्मर गिर गया था। जिसके कारण इलाके में कई घंटे से ब्लैक आउट रहा है।

# जंगल में शिकारियों के जाल में फंसा तेंदुआ, अंततः मौत





**सतना।** वन मंडल के सिंहपुर वन परिक्षेत्र के जंगल मे एक और तेंदुआ शिकारियों के फैलाए जाल में फंस कर जान गंवा बैठा। तेंदुआ जंगल में घायल अवस्था में मिला था लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। मामले में पड़ताल शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, सतना वन मंडल के सिंहपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत डिघरी के जंगल में नदी के पास शुक्रवार की दोपहर एक तेंदुआ घायल अवस्था में पड़ा पाया गया। वह अपने पैरों पर चल पाने में असमर्थ था और घिसट-घिसट कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। तेंदुआ जीवित था और रह-रह गुर्रा भी रहा था लिहाजा लोगों में दहशत भी थी। ग्रामीणों ने इस हालत में तेंदुए को देखकर सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे भी लेकिन इससे पहले कि रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो पाता तेंदुए ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि तेंदुए की कमर पर घाव था। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वह किसी मजबूत शिकंजे में फंसा था। जिसके कारण उसकी कमर चोटिल हुई और वह चल फिर पाने में असमर्थ हो गया। आशंका जताई जा रही है कि उसकी कमर पर चोट के ये निशान क्लच वायर के फंदे के हैं। किन्हीं शिकारियों ने यह सोच कर कि वन्य प्राणी नदी के पास पानी की तलाश में आएंगे। क्लच वायर का फंदा लगा रखा था। इसी की चपेट में तेंदुआ आ गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि तेंदुए की मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चल सकेगी। बहरहाल एसडीओ फारेस्ट लाल सुधाकर सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। आसपास की जगह की छानबीन और लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।



# हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का अवतरण दिवस

**सतना।**भगवान श्रीहरि विष्णु के छठवें अवतार माने जाने वाले ऋषि जमदग्नि पुत्र चिरंजीव भगवान परशुराम का अवतरण दिवस वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया के अवसर पर आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परशुराम मंदिरों में पूजन-अर्चन और हवन कर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। शहर में अलग अलग स्थानों से शोभा यात्राएं भी निकलीं जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। शहर के व्यंकटेश मंदिर परिसर में ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव पर पूजन-हवन कर जगत कल्याण की प्रार्थना की गई। संगठन के संस्थापक पंडित कमलाकर चतुर्वेदी ने सामाजिक बंधुओ के साथ भगवान परशुराम का पूजन किया और आरती उतारी। यहां हुए विशाल भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बदखर में निकाली शोभा यात्रा

विप्र सेना के तत्वावधान में बदखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने यहां विराजी प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर हवन कुंड में आहुतियां समर्पित की और बंधुत्व की भावना से समाज कल्याण के लिए काम करने का संकल्प व्यक्त किया। बदखर स्थित मंदिर में स्थापित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व सुबह यहां विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें युवाओं और बुजुर्गों के साथ बच्चों ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आयोजक मंडल के रजनीश द्विवेदी,पंकज शुक्ल,मनोज अग्निहोत्री,योगेश शर्मा व अविन शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### धवारी में पूजा-अर्चना

धवारी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी अक्षय तृतीया पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। राजेश दुबे ने बताया कि सुबह से शुरू हुए पूजा-पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मैहर के पूर्व विधायक एवं बसपा के लोकसभा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी भगवान परशुराम के दर्शन कर आशीर्वाद लेने पहुंचे। शाम को सिटी कोतवाली के पास शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई।

# प्रिज़्म सीमेंट को पर्यावरण एक्सीलेंस एवं ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट में मिले अवॉर्ड

**सतना।**प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन सतना को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु एनवायरनमेंट एक्सीलेंस एवं ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट में 2 अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रिज़्म सीमेंट को ये अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किये गए कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन,ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए,कार्बन फुट प्रिंट रिडक्शन,प्लास्टिक एवं हजारडस वेस्ट मैनेजमेंट एवं सस्टैनबिलिटी डेवलपमेंट में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन के लिए प्लैटिनम अवार्ड एनवायरनमेंट




एक्सीलेंस के लिए प्रदान किया गया है। इसके साथ ही प्लांट व माइंस में सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए गोल्ड अवार्ड ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट के लिए प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि प्रिज़्म सीमेंट ने प्लांट परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 10 लाख पौधारोपण किया है। यह अवार्ड प्रिज़्म जॉनसन की ओर से सहायक प्रबंधक अंकिता सिंह परिहार व ओम प्रकाश रजक ने 4 मई को नई दिल्ली में आयोजित भव्य पर्यावरण सम्मलेन जिसमे रक्षा विशेषज्ञ सेवानिवृत्त मेजर जनरल पीके सहगल,डीजीएफएएसएलआई के रिटायर्ड महानिदेशक डॉ.अवनीश सिंह,सीपीसीबी पर्यावरण,वन एवं जलवायु मंत्रालय के सेवानिवृत्त डॉ.एसके त्यागी,एपेक्स इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जैसे कई सम्मानित व्यक्तिगण की मौजूदगी में प्राप्त किया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा पर्यावरण व वृक्षारोपण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले अवार्ड पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल व कार्यकारी निदेशक विवेक अग्निहोत्री ने सभी अधिकारियों द्वारा किये गए कार्यों की प्रसंशा की एवं मनीष कुमार सिंह (प्लांट हेड एवं प्रेसिडेंट) सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी कंपनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण,संवर्धन व सघन वृक्षारोपण के क्षेत्र में अनवरत प्रतिबद्धता दोहरायी है।

# सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत



**सतना।** सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर मझगवां स्थित आरटीओ बैरियर के पास गुरुवार देर रात को हुआ। ग्राम कोलदरी निवासी चार युवक एक ही बाइक पर सवार हो कर कहीं जा रहे थे। मझगवां आरटीओ चेक पोस्ट के पास उनकी बाइक आगे जा रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। चारों वहीं सड़क पर गिर पड़े। चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों की तरफ से सूचना मिलने पर मझगवां पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और उसने चारों को अस्पताल भेजा।





घायलों में से एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया,जबकि दूसरे की सांसें अस्पताल में टूट गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम कराया और दोनों के शव परिजनों को सपोर्ट कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।



# ग्राम निवासी विद्युत सुरक्षा हेतु सावधानियाँ जरूर बरतें

### विद्युत वितरण कंपनी ने की अपील

**सतना।** विद्युत वितरण कंपनी ने ग्राम निवासियों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में विद्युत संबंधी उपकरणों के प्रचालन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। कंपनी ने कहा है कि अनावश्यक विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी करना जान पर भारी पड़ सकता है, वहीं विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत ऐसा करना दण्डनीय अपराध है। बिजली के उपकरणों, केबल से जरा-सी असावधानी या छेड़खानी करने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है यदि आंधी, तूफान या अन्य किसी कारण से नीचे आ गई हैं तो उन्हें अकस्मात छूकर खतरा मोल न लें। यदि लाइन टूट गई है तो इसकी सूचना शीघ्र ही निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। जब तक कोई नहीं आता है,तब तक वहां निगरानी रखें,ताकि अंजाने में कोई अन्य व्यक्ति टूटे तार को छुए नहीं। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाइन से समुचित दूरी रखें। यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कंपनी के अधिकारी से सलाह जरूर लें ताकि सुरक्षा बनी रहे। विशेष रूप से खेतों खलिहानों में ऊँची-ऊँची घास की गंजी,कटी फसल की ढेरियाँ, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज,भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियाँ न निकालें, इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है। बिजली के तारों पर कपड़े आदि डालना दुर्घटना को निमंत्रण देना है। अपने खेत खलिहान पर या संपत्ति की सुरक्षा हेतु अवरोधक तारों (फेन्सिग वायर्स) में विद्युत प्रवाहित न करें। यह कानूनी अपराध भी है। इस प्रकार अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बिजली के खंभों या स्टे-वायर से जानवर आदि न बांधे और न ही इससे जानवरों को रगड़ने दें। इससे जनधन की हानि हो सकती है।

# वाटर स्पोर्ट्स के लिए प्रतिभाओं का चयन 14 एवं 15 मई को

**सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की वयाकिंग केनोइंग विधा हेतु प्रतिभा चयन का आयोजन 14 एवं 15 मई 2024 को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक वयाकिंग केनोइंग सेंटर नीलम पार्क बोट क्लब जहांगीराबाद भोपाल में किया जाना है। प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयन कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आवश्यक दस्तावेज में से आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति लानी होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की निर्धारित आयु 12 से 18 वर्ष तथा आयु की गणना 1 जुलाई से की जायेगी। प्रतिभा चयन में भाग लेने वाले बालकों की हाईट 168 से 182 सेंटीमीटर एवं वजन 58 से 72 किलोग्राम तथा बालिकाओं की हाईट 163 से 176 सेंटीमीटर एवं वजन 48 से 58 किलोग्राम तक या उससे अधिक होना चाहिए। प्रतिभागियों को यात्रा,आवास और भोजन का व्यय स्वयं वहन करना होगा। वाटर स्पोर्ट्स अकादमी से संबंधित जानकारी के लिए प्रशिक्षक पीजुश कांति बरोई मोबाइल 9476027477 से संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध रेत के साथ पकड़े गये वाहन



**कोतमा।** अवैध उत्खनन परिवहन एवं अवैध वन अपराधो पर लगाम लगाने हेतु मुख्य वन संरक्षक वन वृत शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के निर्देशन तथा उपवन मंडलाधिकारी अनूपपुर पीके खत्री के मार्गदर्शन में वन विभाग के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। 9 से 10 अप्रैल की दरमियानी रात वनपरिक्षेत्र कोतमा के गश्ती दल द्वारा वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत बीट कल्याणपुर में आमाडांड़-कोतमा मुख्य मार्ग में केवई नदी पुल के पास वन क्षेत्र से होकर अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रेक्टर वाहन रेत लोड पकडे गए हैं। वाहन 1 ट्रैक्टर मैसी फर्ग्युसन 1035 डीआई ट्राली में लोड रेत सहित दोनों बिना नंबर ट्रैक्टर मैसी फर्ग्युसन 1035 डीआइी ट्राली में लोड रेत सहित पाए गए हैं। वन अमला को देखकर एक ट्रेक्टर ड्राइवर वाहन छोडकर भाग गया है तथा दूसरे ट्रेक्टर को ड्राइवर सहित पकडा गया है। दोनो ट्रेक्टर वाहनों की जप्ती कर जप्त वाहनो को फारेस्ट कैम्पस कोतमा में लाकर सुरक्षित खडा कराया गया है। अवैध परिवहन के तहत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में हरीश तिवारी वन परिक्षेत्राधिकारी, के निगम उपवनक्षेत्रपाल, बीट गार्ड अभिलाष सोनी, राघवेन्द्र तिवारी, रामस्वरूप सिंह, आकाश सोनी वनरक्षक एवं अमन इमालिया वाहन चालक शामिल थे।

# विंध्य चैंबर की अगुवाई में 25 से ज्यादा व्यापारिक संस्थाओं ने एसपी को दिया ज्ञापन

### लापता व्यापारी प्रकाश लालवानी को शीघ्र खोजे जाने की मांग

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने जिला पुलिस अधीक्षक को चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में सैकड़ो व्यापारियों के साथ गायब कपड़ा व्यापारी प्रकाश लालवानी को खोजने हेतु ज्ञापन सौपा गया। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को सौंपे गये ज्ञापन मे साफ शब्दों मे कहा गया है कि पुलिस अब भी अगर प्रकाश लालवानी को खोजने मे असफल रहती है तो चेम्बर ने क्रमबद्ध आन्दोलन को तय कर रखा है और धीरे-धीरे यह आन्दोलन उग्र रूप भी धारण कर सकता है। एवं चेम्बर कड़ा रूप भी अपना सकता है। इसके लिए प्रकाश लालवानी को शीघ्र खोजा जाए ज्ञापन सौंपने में क्लाथ मर्चेन्ट एसोसिएशन (सीएमए),सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, किराना व्यापारी संघ,जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन, इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट एसोसिएशन, रीवा रोड व्यापारी संघ,प्लाईवुड एंड हार्डवेयर मर्चेन्ट एसोसिएशन,रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ,प्रिन्टर्स एसोसिएशन,सतना जिला उद्योग संघ, सतना डिस्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन,हार्डवेयर पेन्ट्स एसोसिएशन, पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ, जयस्तम्भ चौक व्यापारी संघ,लोकतंत्र सेनानी संघ,सर्वसमाज सतना,होलसेल फुटवेयर एसोसिएशन, कृष्णनगर व्यापारी संघ,पूज्य पंचायत सिन्धी धर्मशाला,संत कंवरराम पार्क विकास समिति,श्री झूलेलाल मंदिर पार्क समिति,श्री दीनबन्धु सेवा समिति,अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क समिति,सिन्धु विकास समिति, भारतीय सिन्धु सभा,श्री कंवर नगर व्यापारी समिति,जिला सिन्धी महापंचायत,अमर झूलेलाल सेवा मंडल आदि संस्थाओ का भी ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता से और भी विस्तार से चर्चा कर कहा कि हर हाल में सतना के अपराधों को कम किया जाये एवं अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जाये। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रकरणों पर पुलिस संकल्पबद्ध है। एवं शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया एवं कहा कि दुर्भाग्य है कि इस केस का खुलासा अभी तक नही हो सका है और आप सब को यहां ज्ञापन लेकर आना पड़ा अन्यथा इसके पूर्व आप सब यहां आये हैं तो हमेशा पुलिस प्रशासन की सफलता पर धन्यवाद ज्ञापित ही किये हैं। चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष एवं संघर्ष समिति के संयोजक कमलेश पटेल ने विभिन्न जानकारियां प्रदान की जिससे इस केस का खुलासा हो सकेगा जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन विषयों को ध्यान मे रख कर जरूर कार्यवाही करेगे।इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल,महामंत्री संदीप कुमार जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता,स ंघर्ष समिति के संयोजक कमलेश पटेल,सुरेश बाषाणी,संजय वाधवानी, अशोक पिंजाणी, रोहित अग्रवाल, संजय शाह, अभिषेक जैन,विकास जैन, ज्ञान खटवानी,सुधीर आहूजा, संजय सेनानी,रामचरण गुप्ता,विनोद गुप्ता,गोपी चंद आहूजा,लक्ष्मीचंद पुरस्वानी, राजकुमार बजाज,उत्तम जानवानी, केशव माखीजा, रूपेश बलेचा,रामकुमार अग्रवाल, अशोक वाधवानी, मनोज दुल्हानी, आशीष गुप्ता,राजकुमार आहूजा,बब्बल आवतवानी, कमल मंघनानी, विजय आसरानी, राकेश पंजवानी,मनोहर बंसतानी,रवि बंसतानी, अनिल धनवानी, दिलीप चेतवानी,अनिल मोटवानी, राजकुमार रिझवानी,कुंदन कापड़ी, संदीप चमड़िया, मनविन्दर ओबेराय, विक्रम चौधरी,यशपाल जैन,किशोर कोटवानी,नितिन अग्रवाल, वर्धमान जैन, जियलदास,पंकज जैन,रंजीत विश्वकर्मा, प्रकाश अग्रवाल,ढालुमल रामनी,राजेश लालचंदानी, नयनदीप सेठी,वंशी नागदेव, जितेन्द्र गावरी, संजय वंका, जतिन जैन गुंजन, के.के.चैरसिया सहित सैकड़ो की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# रूंझ डेम परियोजना का कार्य आरंभ होने की बनी उम्मीद, कलेक्टर सुरेश कुमार ने जमीन स्तर पर पहुंचकर लोगों से की थी सुनवाई, अब कार्य आरंभ होने की उम्मीद





**पन्ना।** कैसे विकास दम तोड़ता है जब आम जनता ही कार्य का बाधक बन जाती है। यहां विकास का पैमाना दूरगामी सोच को लेकर कहीं न कहीं मजबूरी के हालात को लेकर माना जाता है। जिम्मेदार अधिकारी भी असहाय हो जाते है। जनप्रतिनिधियों की रूचि आम जनता के साथ मौन स्वीकृति के हालात जैसे होते है तभी तो औपचारिकता के तौर पर प्रगति बनी रहती है जबकि हकीकत कार्य अवरूद्ध रहता है। यह दास्ता जिले के जल संसाधन विभाग के रूंझ डेम परियोजना जिससे पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील की आध विधानसभा को लेकर सिंचाई सुविधा का लाभ माना जा रहा है। वहीं सिंचाई संसाधनों से ही विकास तय होता है। कृषि की सम्बृद्धता ही सबसे बड़ा विकास का आधार माना जाता है। रूंझ डेम से जो सपने दिखाये गये वे महज एक या दो पंचायतों के लोगों के कारण लगभग बीसों पंचायतों का भविष्य विकास को लेकर अवरूद्ध बना हुआ है। यहां विभाग की दास्ता भी कहीं न कहीं मजबूरी के हालात के जैसे बनी हुई है। वहीं राजस्व विभाग के द्वारा जो मुआवजा को लेकर कार्यवाही तय की जानी चाहिए उस पर जो भी खामिया रही हो या जिला प्रशासन के मुखिया तत्कालीन कलेक्टर जो भी रहे उन्होंने इस पर प्रमुखता से ध्यान नहीं दिया। तभी तो हालात वर्षों से रूंझ डेम परियोजना का कार्य ठप्प पड़ा रहा। वहीं इसके पीछे और भी एक कहानी जुड़ती है हीरे का कारोबार रूंझ डेम परियोजना के आरंभ से लेकर चर्चा में रहा। यहां जब कार्य आरंभ हुआ तो हीरे की चाल जो निकली थी उस पर यह माना जा रहा था कि हीरों की मिलने की प्रबल उम्मीदें उस रॉ मटेरियल में चल पड़ी थी कि

विकास की अवधारणा कई बार दम तोड़ने लगती है जब दास्ता बड़े कार्यों आम जनता के लोग बाधक बनते है। वहीं कानून का पालन कराये जाने को लेकर जिम्मेदार असहाय जैसे नजर आते है। उदाहरण को लेकर जिले में जल संसाधन विभाग की निर्माणाधीन रूंझ डेम परियोजना लगभग 5 से 6 वर्ष बीतने को चले वहीं आरंभ में भी कार्य करने में अवरोध बने। अब अंत में भी लगभग एक वर्ष से कार्य एजेन्सी का कार्य ठप्प इन परिस्थितियों के चलते कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने डेम में ही पहुंचकर आम जनता से रूबरू होकर की सुनवाई मुआवजे के संबंध में निराकरण को लेकर प्रशासन ने कार्यवाही को दिया अंजाम अब बनी उम्मीदें वर्षों से रूका डेम का कार्य होगा आरंभ।

जिले के खनिज विभाग के मुखिया ने भी जहां उस रॉ मटेरियल को लेकर जब्ती आदि की कार्यवाही की थी। पर वह रॉ मटेरियल जब्ती के बाद कहां गया बचा कि नहीं ये अनसुलझे सवाल है। वहीं डेम का कार्य में बाधक बनी लगभग पचासों गांव के लोग जो हीरे की खुदाई के लिए मेला जैसे हालात बन चुके थे। आनन-फानन में कुछ समय बाद प्रशासन जागा वन अमला, पुलिस तथा राजस्व की संयुक्त कार्यवाही के चलते अंततः हीरा खोदने वाले लोगों पर कार्यवाहियां हुई ड्रोन से निगरानी होने लगी। पर परिणाम परियोजना का कार्य ठप्प ही रहा। एक या दो पंचायत के लोग बढ़े हुए मुआवजे को लेकर आंदोलन व कार्य में बाधा बन गये। निराकरण की राह वर्षों से जमीनी स्तर पर नहीं हुई। हालात बदले कुछ दिन पूर्व जिला प्रशासन के संवेदनशील मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार डेम पहुंचे जहां खुले मंच में आम लोगों की बात सुनी वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहे। मुआवजे के निराकरण को लेकर बाखूबी कार्यवाही के लिए दिशा तय हुई पर सवाल वही क्या डेम का कार्य जो वर्षों से अवरूद्ध है वह कब आरंभ होगा इसको लेकर जाना गया। जिला प्रशासन के मुखिया ने स्वयं ही इस बात पर अतिशीघ्र ही कार्य शुरू करवाने को लेकर हालात पर जोर दिया है। इससे अब उम्मीदें बन चुकी है जो वर्षों से एल.एन.टी. जैसी कम्पनी रूंझ डेम परियोजना में डेम बनाने का कार्य कर रही है। सायद अब कार्य आरंभ होने की उम्मीद प्रबल मानी जा रही है। निश्चित ही जब जिला प्रशासन की मंशा बनेगी तो कार्य आरंभ होने में सायद बिलंम नहीं होगा पर अभी भी यह तभी माना जायेगा जब कार्य आरंभ हो जायेगा क्योंकि जहां वर्षों से जो कार्य रूंझ डेम परियोजना का अधर में ठप्प पड़ा हुआ है। वहीं जिन ग्राम पंचायतों या गांवों का भविष्य विकास के लिए सपने सजोये बैठा है ये लोग भी चुप्पी साधे बैठे हुए है। आखिरकार जिनका हित है वे अपना लाभ ले पर जिनका हित डेम बनने से है उनका क्या। वहीं दावे जो किये जाते है आधी विधानसभा को सिंचाई सुविधा प्रदान करके उनका भाग्य बदला जायेगा। यहां जनप्रतिनिधि विशेषतौर पर पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कार्यप्रणाली जो विकास पर जोर देने वाली होती है आखिर क्या रूंझ डेम को लेकर विकास की अवधारणा जो तय की गई है उसे अधर में ही लटकाने के लिए माना जाये या कि इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए अपनी भूमिका निभायेगें। यह तो विधायक ही जाने क्योंकि निश्चितौर पर जिन ग्राम पंचायतों व ग्रामों को लाभ मिलना है अधिकत्तर पोलिंग बूथों में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिह को सफलता मतदान में भी परिणाम के रूप में सामने आई थी। फिर उन गांवों का भविष्य जो सिंचाई सुविधा को लेकर जुड़ा हुआ है आखिर क्या या कि विश्रामगंज, आरमगंज, पाण्डेय पुरवा आदि गांवों पर ही ध्यान केन्द्रित रहेगा। यह तो स्वयं ही आगे दिशा तय करें। क्योंकि बड़ी परियोजना का कार्य लम्बे समय से बाधित क्यों? जिम्मेदार शासकीय अमला हो या बाधक बनने वाले लोग समस्या का निदान अब समय के साथ हो ताकि जिन गांवों का विकास रूंझ परियोजना पर निर्भर है सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीदें है उनके सपने कब पूरे होगें। यह तो जिम्मेदार ही जाने।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 31 मई तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, पन्ना से आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रूपए की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश एवं नियमावली विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नेशनल लोक अदालत आज

**पन्ना।** जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ तहसील न्यायालय में शनिवार, 11 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुल 13 खण्डपीठ का गठन किया गया है। लोक अदालत में आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा। सभी खण्डपीठों में राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग, सभी बैंकों के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगरीय निकायों के जल एवं संपत्तिकर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए सभी पक्षकारों को सूचना पत्र भी जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा सभी पक्षकारों व आम जनता से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरण निराकृत कराने तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिका, चेक अनादरण व दीवानी प्रकरणों में मिलने वाली छूट व न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

### बारिश से गड्ढे में भरा पानी, डूबने से दो बालकों की मौत

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डांग के परेवागार टोला में गढ्ढे में भरे पानी में खेलते समय दो सगे भाई पानी में डूब गए। स्वजन रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों का पीएम कराया जा रहा है। रीठी क्षेत्र में आधे घंटे तेज बारिश हुई थी और बस्ती के पास गड्ढों में पानी भरा हुआ था। एक गढ्ढे के किनारे बच्चों के पैरों के निशान बने देखकर लोगों ने गढ्ढे में खोजा तो दोनों मिल गए। जानकारी के अनुसार ग्राम डांग में पहाड़ी के पास परेवागार टोला में भिक्षाटन करने वाले परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं। यही पर सलमान शाह परिवार के साथ रहता है। सलमान के दो बच्चे मोहित शाह साढ़े तीन साल और नोहित शाह ढाई साल गुरुवार की सुबह झोपड़ी के पास खेल रहे थे। इस बीच पिता रीठी बाजार चला गया और मां खाना बनाने के लिए लकड़ी एकत्र करने चली गई। कुछ समय बाद जब माता पिता लौटे तो बच्चे दिखाई नहीं दिए।

### पठरा हाईस्कूल में खेल सामग्री का हुआ वितरण

**बड़वारा।** मप्र शासन के दिशा निर्देशानुसार ग्रीष्म कालीन खेल शिविरों का आयोजन शासकीय विद्यालयों में आयोजित किया जाना है सभी विद्यालय प्राचार्य/खेल प्रभारी शिक्षकों की उपस्थिति में 9 मई को प्रातः 10 से 12 तक विद्यालय खेल सामग्री का वितरण शासकीय हाई स्कूल पठरा से किया गया । जिले द्वारा उपलब्ध सूची अनुसार कुल 22 विद्यालयों को विकासखंड स्ततरीय नोडल प्रभारी प्रदीप तिवारी द्वारा खेलकूद सामग्री प्रदान की गई ।

## बकरी चराने गई महिला के साथ बलात्कार एफआईआर दर्ज आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पीड़िता ने महिला थाना पन्ना में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि वह बकरी चराने गई थी तभी आरोपी राम बाबु शर्मा पिता स्वर्गीय प्रभु दयाल शर्मा वहां पहुंच कर उसके अकेलेपन का फायदा उठाते हुए अश्लील हरकत करने लगा, विरोध करने पर उसे जमीन में पटक कर जबरन गलत काम बलात्कार किया और किसी से बताने या पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी, पीड़ाति की शिकायत पर महिला थाना पन्ना में धारा 376, 323, 506 एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा को अवगत कराया गया, पुलिस अधीक्षक श्री थोटा के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके पालन परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति आरती सिंह, एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फूल कुमारी केरकेटा द्वारा पीड़ाति के बयान एवं मेडिकल परीक्षण उपरांत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## समग्र आधार लिंकिंग में त्रुटि पर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही से अवगत कराएं

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने समग्र आधार लिंक संबंधी त्रुटिपूर्ण कार्य पर उत्तरदायी कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकायों के सीएमओ से सात दिवस में जिम्मेदार कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही के बारे में अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार समग्र पोर्टल पर जिन हितग्राहियों की समग्र आईडी और आधार गलत लिंक हो गए हैं, उनके समग्र आधार डी लिंक के लिए अनुरोध स्थानीय निकाय की अनुशंसा के बाद समग्र पोर्टल पर कलेक्टर लॉगिन से डी लिंक करने की कार्यवाही की जाती है। एमपी एसईडीसी के नियम अनुसार समग्र आधार लिंक करने वाले त्रुटिपूर्ण उत्तरदायी कर्मचारी पर कार्यवाही कर पोर्टल पर अपलोड किए जाने का प्रावधान है, लेकिन निकायों द्वारा केवल कारण बताओ सूचना पत्र की प्रति अपलोड कर डी लिंक की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में समग्र आधार डी लिंक के बढ़ते आवेदनों के दृष्टिगत यह प्रतीत होता है कि संबंधित कर्मचारियों द्वारा निरंतर लापरवाहीपूर्वक कार्य किया जा रहा है। इस कारण हितग्राहियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उत्तरदायी कर्मचारियों पर वेतनवृद्धि रोकने/सेवा समाप्ति की कार्यवाही के संबंध में संबंधित अधिकारियों को उत्तरदायी कर्मचारी पर की गई कार्यवाही का विवरण 7 दिवस में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। साथ ही भविष्य में होने वाले समग्र आधार डी लिंक करते समय उत्तरदायी कर्मचारी पर उचित कार्यवाही सहित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में एडवायजरी

**पन्ना।** राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में जारी एडवायजरी के जरिए आवश्यक एहतियात बरतने के बारे में अवगत कराया गया है, जिसके तहत किसी भी तरह के सोशल मीडिया के ऐसे गुरपों में नहीं जुड़ने की सलाह दी गई है, जिनमें चाईल्ड पोर्नोग्राफी का आदान-प्रदान होता हो। व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम की सेटिंग को मजबूत रखने के लिए भी अवगत कराया गया है, जिससे बगैर अनुमति के कोई व्यक्ति किसी ग्रुप में न जोड़ सके। सेटिंग में जाकर ऑटो डाउनलोड को बंद रखने के बारे में भी सूचित किया गया है, जिससे कोई तस्वीर या वीडियो मोबाइल में डाउनलोड न हो सके। चाईल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामग्री आने वाले ग्रुपों को छोड़ने और ग्रुप के मेंबर्स को जानकारी से अवगत कराने की सलाह भी दी गई है। एडवायजरी में बताया गया है कि ऐसी किसी भी वेबसाइट को विजिट न करें एवं न ही किसी एप्लीकेशन को इंस्टॉल करें, जहां चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री हो। सायबर अपराध घटित होने या जानकारी मिलने पर नजदीकी पुलिस थाना अथवा वेबसाइट सायबर क्राइम डॉट जीओव्ही डॉट इन या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

### क्या है चाईल्ड पोर्नोग्राफी

सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान डिजिटल परिवेश में परिचितों व अनजान व्यक्तियों द्वारा लोगों को कई ग्रुपों में जोड़ लिया जाता है। ग्रुपों में विभिन्न तरह की पोस्ट, तस्वीरें और वीडियोज का आदान-प्रदान होता है। ऐसा वीडियो या चलचित्र सामग्री जिनमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लैंगिक प्रदर्शन करते हुए या इस तरह की गतिविधि में संलिप्त दिखाया जाता है, उसको चाईल्ड पोर्नोग्राफी कहा जाता है। चाईल्ड पोर्नोग्राफी तैयार करने सहित संग्रहित करने, डाउनलोड, आदान-प्रदान, वितरित अथवा ब्राउज/सर्च करने या बढ़ावा देने का कृत्य आईटी एक्ट की धारा 67बी, आईपीसी की धारा 354 सी तथा पॉक्सो की धारा 11/12 के तहत अपराध है। सरकार निरंतर ऐसी गतिविधियों पर नजर रखती है तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, गूगल इत्यादि द्वारा ऐसे विभिन्न प्रोफाइलों की जानकारी जो किसी भी तरह से चाईल्ड पोर्नोग्राफी की विभिन्न गतिविधियों के तहत किसी को भेजने पर एकत्रित कर पुलिस के साथ साझा की जाती है। इस तरह की शिकायतों पर राज्य पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है।



## 3 लाख 99 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उपार्जन

**पन्ना।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में विगत 29 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य संचालित है। जिले के 53 केन्द्रों पर स्लॉट बुक कराने वाले किसान आगामी 20 मई तक गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। शासन के निर्देशानुसार अवकाश दिवसों में भी खरीदी की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि अब तक 7379 किसानों द्वारा 3 लाख 99 हजार 555 क्विंटल से अधिक गेहूं का विक्रय किया गया है। इसके विरूद्ध 3 लाख 4 हजार 733 क्विंटल उपार्जित गेहूं का परिवहन व भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को 47 करोड़ 67 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं एवं उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश भी समय-समय पर जारी किए गए हैं। अधिकारियों द्वारा भी उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

**20 मई तक होगी गेहूं खरीदी**

## वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर जी गुप्ता आज देवेन्द्रगनर में



**पन्ना।** म. प्र. शासन के भूतपूर्व ग्रहमंत्री एवं म.प्र. वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय उमाशंकर गुप्ता जी का देवेंद्रनगर आगमन 11 मई दिन शनिवार को सुबह 10.30 बजे पर हो रहा है। ज्ञात हो कि विगत 03 मई को म. प्र.वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री - पूर्व राज्य मंत्री (वेयर हाउस लॉजिस्टिक कॉप्रेशन के भूतपूर्व अध्यक्ष) सुधीर अग्रवाल जी के बड़े भाई श्री अनिल अग्रवाल जी की धर्म पत्नी श्रीमती मीरा अग्रवाल जी का ह्रदय गति रुकने की वजह से निधन हो गया था। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि एवं शोक संतप्त परिवार को अपनी शोक संवेदनाएं अर्पित करने हेतु उनके सरस्वती शिशु मंदिर के सामने,सतना रोड वाले निवास पर पहुंच रहे है। आप सभी को विनम्र सूचना प्रेषित है कि उपरोक्त समय पर वैश्य महासम्मेलन के सभी पदाधिकारी, सदस्य दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि हेतु समय पर एकत्रित होंगे। मनोज केशवानी जिलाध्यक्ष एवं विनोद गुप्ता जिला महामंत्री ने शोकसभा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है।

**कलेक्टर द्वारा प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाया गया अभियान**

## विशेष अभियान के तहत महज़ चार दिनो में 401 प्रकरणों का निबटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर प्रयासों की वजह से अभियान के महज़ पहले चार दिनों में ही सीमांकन के 401 प्रकरण निराकृत किये जा चुके है।

### कलेक्टर के निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया था कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई की जा चुकी है ऐसे में जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है।

इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। इसके बाद सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है।

### सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निबटारे में बड़वारा तहसील अव्वल

सीमांकन मामलों के लंबित प्रकरणों के निपटारे के नजरिये से जिले की बड़वारा तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 57 सीमांकन के प्रकरण निराकृत किये जा चुके है। इसी प्रकार ढीमरखेडा तहसील सीमांकन के 53 प्रकरण निराकृत किये जाकर दूसरे स्थान पर है। जबकि तीसरे स्थान पर विजयराघवगढ़ तहसील ने 46 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया है। वहीं बहोरीबंद तहसील सीमांकन के 45 प्रकरणों का निराकरण कर चौथे स्थान पर है। कटनी नगर तहसील नें सीमांकन के 44 प्रकरणों का निपटान कर पांचवे स्थान पर है। जबकि जिले की रीठी और स्लीमनाबाद तहसील द्वारा सीमांकन के 42-42 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संयुक्त रूप से छठवे स्थान पर काबिज है। जबकि सातवें स्थान पर बरही तहसील द्वारा सीमांकन के 40 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार कटनी ग्रामीण तहसील ने सीमांकन के 32 प्रकरणों का निराकरण कर अंतिम पायदान पर है।

## जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय दल गठित

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालनालय एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय बाढ़ नियंत्रण दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय दल में उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह एवं पारी प्रबंधक आर.के. मिश्रा शामिल हैं। इसी तरह विकासखण्ड स्तरीय दल में पन्ना विकासखण्ड स्तर पर मड़ला क्षेत्र के 6 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत देवराभापतपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित 12 ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. एम.एल. प्रजापति, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत अमानगंज क्षेत्र के 12 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. अंकित निगम, पवई विकासखण्ड अंतर्गत सिमरिया, सुनवानी, मुराछ, पड़रिया और चांदनपुर क्षेत्र के 52 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. मोहर सिंह तथा शाहनगर विकासखण्ड के हरदुआ, खमरिया एवं रैपुरा क्षेत्र के 20 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए व्हीएस विनय सिंह एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. बी.एस. तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उक्त दलों के लिए सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को जारी निर्देशानुसार दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर आस-पास के जिलों से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं भी ली जा सकेंगी। इसके अलावा पशु माता महामारी पन्ना एवं मुख्य ग्राम योजना पन्ना के अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं भी बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर आवश्यकतानुसार ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शुक्लाना मोहल्ले की रहने वाली एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ने दोपहर लगभग एक बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार अदिति उर्फ आरती रैकवार पिता स्व. मैयादीन रैकवार उम्र 13 वर्ष ने घर में ही दुपट्टे से लटककर आत्महत्या कर ली। लड़की के परिजनों ने बताया कि जब अदिति ने फांसी लगाई तब मां काम पर गयी थी और घर पर कोई नहीं था। अदिति का किसी से कोई झगड़ा भी नहीं हुआ। अब उसने फांसी क्यों लगाई है इसकी जानकारी नहीं लग सकी। फिलहाल पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी पर्ची के सहारे ट्रक ड्रायवरों से वसूल रहे अवैध पैसा

**अनूपपुर।** रामपुर बटुरा ओपन कास्ट मे अवैध वसूली जारी है एवं ट्रकों से फर्जी दस्तावेज पर्ची से प्रति ट्रक 50 रूपये अवैध पैसा वसूला जा रहा है जिसके लिए एसईसीएल अपना पार्किंग बनाई है। रामपुर के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा द्वारा पर्ची छापकर अवैध वसूली किया जा रहा है जिससे ट्रक ड्राइवर को काफी नुकसान हो रहा है नही देने पर ड्राइवर से मारपीट किया जा रहा है। कई बार शिकायत किया गया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है यदि पैसा नही दिया गया तो रात में तेल चोरी कर ले रहे है कट्टा बंदूक के नोक पर अवैध वसूली किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज जनपद पंचायत जैतहरी के भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने एएनएम से शुगर, ब्लड प्रेशर एवं आयरन सुक्रोज दवाइयां की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिस पर एएनएम ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी प्रकार की दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इस दौरान कलेक्टर ने एएनएम को निर्देश दिए कि उप स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। किसी मरीज को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती माताओं के संबंध में भी एएनएम से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन निर्माण संबंधी भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी बी.एम. मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### रेत का अवैध उत्खनन पर 2 वाहन जप्त

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के अमले द्वारा 9 एवं 10 मई 2024 की रात्रि को ग्राम गोधन निगौरा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान तिपान नदी में 02 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमशः स्वराज तथा हॉलैंड कम्पनी का बिना नम्बर का खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते खनिज विभाग की टीम द्वारा जब्त किया जाकर थाना जैतहरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त वाहनों पर शासन के नियमानुसार कार्यवाही संस्थित की गई है खनिज अधिकारी ने बताया है कि खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर अभियान संचालित किया जाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

### नगमला में आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशियों की मौत

**अनूपपुर।** जिले के करनपठार थाना अंतर्गत नगमला गांव में एक किसान के घर के पीछे बंधे चार मवेशियो की बुधवार की देर रात अचानक आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आने पर स्थल पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी पर पुलिस एवं पशुपालन विभाग द्वारा गुरुवार को कार्यवाही की है।

## लोकायुक्त ने 20 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों किया था गिरफ्तार

# भ्रष्ट प्रशासक को आखिर अब तक पद से नहीं क्यों नहीं हटाया

### करीब 1 माह पहले लोकायुक्त ने 20 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों किया था गिरफ्तार

### सुविधा शुल्क के आगे उपपंजीयक मश्राम भ्रष्ट प्रशासक अग्रवाल आगे दंडवत के लगे आरोप

छतरपुर/बक्सवाहा।

भ्रष्ट सहकारिता प्रशासक नमामि शंकर अग्रवाल बीते 15 अप्रैल को 20000 की रिश्वत के साथ रंगे हाथों लोकायुक्त सागर ने गिरफ्तार किया था। लोकायुक्त ने 18 अप्रैल 2024 को भ्रष्ट प्रशासन नमामि शंकर अग्रवाल के ऊपर घूसखोरी का मामला पंजीबद्ध किया था। लेकिन दिनांक 10 मई 2014 तक नमामि शंकर अग्रवाल को बक्सवाहा सहकारिता क्षेत्र से प्रशासक के पद से नहीं हटाया गया।

#### मांगी थी 50 हजार की रिश्वत -

सहकारी बैंक शाखा बक्सवाहा के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बम्होरी के प्रभारी समिति प्रबंधक को 15 मार्च 2024 को केसीसी लोन घोटाले में प्रशासक नमामि शंकर अग्रवाल ने सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद अरविंद कुमार व्यास हाई कोर्ट जबलपुर से 8 अप्रैल 2014 को स्टे मिल गया था। केसीसी लोन वितरण घोटाले की जांच के लिए शिकायतो के बाद अरुण शंकर मसराम उपपंजीयक ने सहकारिता कार्यालय से 2 निरीक्षकों की टीम गठित की थी। जिसमें नमामि शंकर अग्रवाल और पी एस खुराना को नियुक्त किया गया था। नमामि शंकर अग्रवाल द्वारा रोजाना अरविंद व्यास से सहायक समिति प्रबंधक के पद पर बहाली के लिए और जांच में सहयोग की रूप में 50 हजार की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर अरविंद कुमार व्यास ने लिखित शिकायत घूसखोरी की भ्रष्ट प्रशासक नमामि शंकर अग्रवाल की सागर लोकायुक्त से की थी। लोकायुक्त सागर ने 18 अप्रैल को 20 हजार की रिश्वत का मामला पंजीबद्ध किया था।




बक्सवाहा क्षेत्र में सहकारी समितियो में प्रशासक के पद पर पदस्थ है। नमामि शंकर अग्रवाल को आज दिनांक तक डॉक्टर अरुण मसराम उपपंजीयक छतरपुर द्वारा प्रशासक के पद से नहीं हटाया गया, और ना ही दूसरे प्रशासक को बक्सवाहा क्षेत्र का चार्ज दिया गया। जिससे करीब एक माह में क्षेत्र की रूटिंग व्यवस्थाएं चरमरा गई है। उपपंजीयक के ऊपर भी सुविधा शुल्क के आरोप लग रहे। नजराने के चलते उपपंजीयक फिसल गए और भ्रष्ट प्रशासक नमामि शंकर अग्रवाल को पद से हटाने की हिम्मत नही जुटा पा रहे। उपपंजीयक छतरपुर अरुण मशराम के भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग की शिकायत सहकारिता पीएस दीपाली रस्तोगी भोपाल में की जाएगी।

#### इनका कहना है

कलेक्टर के यहां अनुमति के लिए प्रतिवेदन भेजा गया था लेकिन अभी अनुमति नहीं मिली है। प्रशासक के पद से मैं स्वयं बहुत जल्द हटा दूंगा

**डॉक्टर अरुण मश्राम**
**उपपंजीयक, सहकारिता विभाग**
**छतरपुर**

### समिति प्रबंधक के आरोप भ्रष्ट प्रशासक अग्रवाल के सभी काम के पैसे फिक्स थे

बक्सवाहा क्षेत्र के समिति प्रबंधकों ने बताया कि जब से यहां पर प्रशासक के तौर पर भ्रष्ट नमामि शंकर अग्रवाल आए थे, तो उन्होंने सभी प्रकार के रूटीन कामों के भी पैसे फिक्स कर दिए थे। स्थानीय बक्सवाहा क्षेत्र के समिति प्रबंधक ने बताया कि विक्रेता की घर परिवार के भरण पोषण के लिए वेतन 3000 - 3500 के आसपास है। उस वेतन को निकालने के एवज में प्रत्येक विक्रेता की वेतन में 500 रुपए दिए जाते थे, तब कहीं विक्रेता को वेतन नसीब होता था।



क्षेत्र के दूसरे समिति प्रबंधक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि समिति में पदस्थ विक्रेता की 10 माह की वेतन निकालने पर प्रशासक को पहले नगद 10 हजार दिए गए। उसके बाद वेतन वाउचर में प्रशासक भ्रष्ट अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। बम्होरी क्षेत्र के समिति प्रबंधक ने बताया कि विक्रेता की लगभग 3200 की वेतन में प्रशासक को प्रत्येक में500 कमीशन देना पड़ता था। प्रशासक जब भी क्षेत्र में आते थे, तो आने जाने का पेट्रोल खर्च हम लोगों को ही देना पड़ता था। नहीं तो तरह-तरह की धमकियों के अलावा निलंबन की धमकी मिल जाती थी। जिससे मजबूरी बस भ्रष्ट प्रशासक नमामि शंकर अग्रवाल को झेला है।

## पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिला रहे 5 आरोपियों को पकड़ा

नौगांव।

नौगांव थाना पुलिस ने क्षेत्र में आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले कुछ लोगों पर कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 हजार रुपए नकद, 4 मोबाइल, 4 बाइक और एक कार भी जप्त की है। पुलिस ने पकड़े गए 5 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीबद्ध किया है, हालांकि शहर के नामी क्रिकेट सट्टा माफियाओं तक कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद है, तो वहीं अभी तक क्रिकेट सट्टा पर हो रही पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं, और कार्रवाई पर सवाल उठना भी सही है क्योंकि अभी तक पुलिस ने किसी भी बड़े सट्टा माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

गुरुवार की देर रात बैंगलोर और पंजाब के मध्य चल रहे आईपीएल क्रिकेट मुकाबले के दौरान नौगांव पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने पुलिस टीम के साथ चौबारा गांव के मुड़वारा में छापमार कार्रवाई करते हुए क्रिकेट सट्टा खिला रहे 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुड़वारा गांव से मनीष साहू नौगांव, दिनेश यादव मुड़वारा, हेमंत सुनकर बिलहरी, राजेंद्र यादव मुड़वारा और सुनील यादव बिलहरी को गिरफ्तार कर उनके पास 5 हजार के लगभग रुपए, चार मोबाइल, चार मोटरसाइकिल एवं कार भी जप्त की है। मोबाईल चैक करने पर ऑनलाईन बैवसाईड का का उपयोग करते हुये सट्टा खिलाने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने सट्टा खिलाने के आरोपी मनीष साहू नौगांव, दिनेश यादव मुड़वारा, हेमंत सुनकर बिलहरी, राजेंद्र यादव मुड़वारा और सुनील यादव बिलहरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

बताया जा रहा कि इस समय आईपीएल चलने के कारण क्रिकेट सट्टे का खुमार जोरों पर चल रहा है। सट्टा माफिया के सूत्रों ने बताया कि मात्र नौगांव क्षेत्र में ही प्रत्येक मैच में 60 लाख रुपए से अधिक का रोजाना सट्टा लगाया जा रहा है, जिसमें इस सीजन में अभी तक पुलिस के द्वारा की गई सट्टा को दो कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी तो अपराध की दुनिया में चींटी के बराबर है, जबकि शहर के बड़े सट्टा माफिया जो सिंडिकेट बनाकर क्रिकेट सट्टा खिलाकर गरीब और अमीर दोनों के घर उजाड़ रहे हैं, इतना ही नहीं छोटे माफियाओं और कार्रवाई और बड़े बड़े मुख्य माफिया के खिलाफ कार्रवाई न होने से आम पब्लिक पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रही है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का एसपी ने किया निरीक्षण

छतरपुर।



ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला व विकासखण्ड मुख्यालय पर दिनांक 02 मई से 01 जून 24 तक प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु किया जा रहा है। जिला मुख्यालय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा फुटबॉल, व्हॉलीबाल खेल का पुलिस लाईन परेड़ ग्राउण्ड, जूड़ो खेल का ऑफीसर्स क्लब (जूड़ो हॉल), मलखम्ब खेल का पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम शताब्दी हॉल के पीछे खेल मैदान पर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खेल अधिकारी राजेन्द्र कुमार कोष्टा ने उपस्थित रहकर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया।जिला मुख्यालय पर जूड़ो खेल का ऑफीसर्स क्लब एवं पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम शताब्दी हॉल के पीछे खेल मैदान, मलखम्ब खेल का पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम शताब्दी हॉल के पीछे खेल मैदान एवं शा नवीन मा.शा. नारायणपुरा, फुटबॉल खेल का पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड, बॉस्केटबॉल खेल का शा. उ.मा.वि. क्र.2 खेल मैदान, व्हॉलीबाल खेल का पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड खेल मैदान, सेपकटकरा खेल का डीसेन्ट इंग्लिश स्कूल, बैड़मिन्टन, लॉन टेनिस एवं चैस खेलों का महर्षि विद्या मंदिर छतरपुर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर शिविर में उक्त खेलों में खिलाड़ी बड़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं एवं प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को बरीकियां सिखाई जा रही हैं।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

### महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ शोभायात्रा का विराम





छतरपुर।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर गाजे-बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रामचरित मानस मैदान गल्लामण्डी से शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण पहुंची जहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया और इसी के साथ शोभायात्रा का विराम हुआ। इस शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज सहित सनातन धर्मप्रेमी शामिल हुए।

जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 3 बजे स्थानीय रामचरित मानस मैदान में भगवान परशुराम का अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद भगवान परशुराम स्त्रोत की प्रस्तुति हुई। इसके बाद शोभायात्रा शुरू हुई। धार्मिक गीतों के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ी, एक रथ में भगवान परशुराम को विराजमान कराकर शोभायात्रा शुरू कराई गई। धर्मप्रेमियों ने अपने हाथों से शोभायात्रा का रथ खींचा। इस शोभायात्रा में मातृशक्ति ने भी अपना योगदान दिया। रामचरित मानस मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा चौक बाजार, कोतवाली, महल तिराहा होते हुए छत्रसाल चौक के बाद मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण पहुंची। यहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में सनातनप्रेमियों ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

#### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पुण्य अवसर पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। कहा जाता है कि आज अक्षय तृतीया में दान करने का विशेष पुण्य फल होता है। इसलिए सनातनप्रेमियों ने यह अवसर नहीं गंवाया। गल्लामण्डी के पास से ही शोभायात्रा के स्वागत की बेला शुरू हो गई थी। जगह-जगह स्वागत करते हुए सनातनप्रेमियों ने पुण्य लाभ कमाया। वहीं हिन्दू उत्सव समिति ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।



## किश्त जमा कर वापस लौट रहे मां-बेटे मवेशियों से टकराए

छतरपुर।

गढ़ीमलहरा थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 के रहने वाले मां-बेटे छतरपुर मोटर साईकिल की किश्त जमा करने आए थे। वापस लौटते समय हमा के पास मवेशियों से उनकी बाईक टकरा गई जिससे बाईक पर बैठी मां की मौत हो गई जबकि बेटा घायल हो गया।जानकारी के अनुसार गढीमलहरा के वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाली फूलाबाई अहिरवार पति पूरन अहिरवार उम्र 45 वर्ष अपने पुत्र शनि अहिरवार 22 वर्ष के साथ छतरपुर मोटर साईकिल की लोन की किश्त जमा करने आयी थी। किश्त जमा करने के बाद जब मां-बेटे वापस लौट रहे थे तभी हमा के पास उनकी बाईक वहां खड़े मवेशियों के झुण्ड से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों को एबुंलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने फूलाबाई अहिरवार को मृत घोषित कर दिया जबकि शनि अहिरवार का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## घर के पास सूखे कुएं में फांसी के फंदे पर लटका महिला का शव, मौत

### नौगांव थाना क्षेत्र के झींझन गांव का मामला

नौगांव।

नौगांव थानांतर्गत झींझन गांव में एक घर के पास स्थित सूखे कुंए में फांसी के फंदे पर 25 वर्षीय महिला का शव टंगा मिलने से सनसनी फ़ैल गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाने के बाद पीएम कराके मर्ग कायम किया। तो वहीं महिला के मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर उनकी बहन,बेटी को मारकर टांगने के आरोप लगाते हुए हत्या का मामला दर्ज करने की मांग करते रहे। फिलहाल पुलिस की समझाइस पर मामला शांत हुआ और पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कही। जानकारी के मुताबिक थानांतर्गत लुगासी चौकी क्षेत्र के झिंझन गांव निवासी बाबू लाल कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि शाम के समय बकरियां चरा कर लौटा तो पत्नी ब्रजकुंवर घर पर नहीं मिली। बाबूबाल ने पत्नी ब्रजकुंवर को आसपास सभी जगह खोजा लेकिन वह नहीं मिली। जब काफी देर खोजने के बाद पत्नी नहीं मिली तो किसी ने आकर बताया कि घर के पास सूखे कुएं में रस्सी के सहारे कोई टंगा है, बाबूलाल ने अपने भाई के साथ कुएं में देखा तो उसकी पत्नी ब्रजकुंवर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का बारीकी से मुआयना करते हुए मामले में आत्महत्या अथवा हत्या दोनों पहलुओं को लेकर के जरूरी साक्ष्य जुटाए। तो वहीं पंचनामा कारवाई के पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने महिला के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई। महिला की मौत के मामले में जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित अन्य लोगों के द्वारा उनकी बहन बेटी की हत्या कर कुएं में टांगने के आरोप लगाए हैं। महिला के मायके पक्ष के परिजन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर हो हल्ला मचाते रहे और इस सब के बीच झिंझन गांव में विवाद को स्थिति भी निर्मित हुई। जिसके बाद एसडीओपी चंचलेश मरकाम और थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मायके पक्ष को समझाते हुए विवाद न करने और पीएम रिपोर्ट आने के बाद को भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का मामला दर्ज करने पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा। पुलिस ने मायके पक्ष का आवेदन लेकर हत्या एवं आत्महत्या दोनों पहलुओं पर मामले की जांच में लग गई है।

#### इनका कहना है

मायके पक्ष के लोगों को समझाइस दी है, पीएम रिपोर्ट का इंतजार करें, जिससे पता चल जाएगा कि महिला की हत्या हुई है या आत्महत्या।

**चंचलेश मरकाम**
**एसडीओपी नौगांव**

## ट्रैफिक इंटर्नशिप के पांचवें दिन सम्मिलित प्रतिभागियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण

### साप्ताहिक बाजार में यातायात व्यवस्था में भागीदारी जागरूकता हेतु पंपलेट किए गए वितरित

छतरपुर।



पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा एक सप्ताह के आयोजित इंटर्नशिप समर कैंप कार्यक्रम का उद्देश्य युवा, छात्र छात्राओं को एक सुसज्जित, सुरक्षित सड़क सस्कृति की परंपरा से अवगत कराना, छात्र छात्राओं को ट्राफिक नियमों की जानकारी, अति दुर्घटना वाले स्थान का अवलोकन, यातायात पुलिस संबंधी उपकरणों की जानकारी, सिग्नल एवं संकेत की जानकारी, यातायात व्यवस्था एवं यातायात पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराना तथा एक आदर्श नागरिक एवं सजग, रोड सेफ्टी प्रोत्साहक और गुड समेरेटन बनाने का है।

शुक्रवार को कार्यक्रम के पांचवें दिन आउटडोर इंटर्नशिप में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु पुलिस के साथ साप्ताहिक शुक्रवारी बाजार में यातायात व्यवस्था ड्यूटी में भागीदारी की। शुक्रवारी बाजार में यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस हेतु अस्थाई दुकानों को रोड से हटाकर अपनी सीमित जगह में दुकान चलाने हेतु बताया गया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी यातायात एडवाइजरी के पंपलेट दुकानदारों एवं नगर वासियों को वितरित किए गए। साप्ताहिक बाजार परिसर एवं नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण एवं यातायात व्यवस्था ड्यूटी, जागरूकता कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत, यातायात पुलिस स्टाफ एवं सम्मिलित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 14 मई को

**रीवा।** जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं सतत एवं सुचारू रूप से मिलती रहें इसके लिए 14 मई को रीवा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस दिवस को आयुष्मान आरोग्य शिविर के रूप में आयोजित किया जायेगा। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्र) में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को आयोजित किये जाने का मुख्य उदेश्य व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है जो स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। शिविर की मॉनीटरिंग जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। शिविर के लिए सभी विकासखण्डों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी का बनाई जाएगी। शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, ओरल सर्वाइकल एवं ब्रोस्ट कैंसर, मानसिक रोग, नाक, कान एवं गले की जांच,टीबी, फेफड़ों के रोग एवं अन्य संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य पोषण एवं टीकाकरण तथा आँखों से संबंधित देखभाल एवं जांच संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं पूर्व प्रभाव वाले क्षेत्रों में सिकल सेल कार्ड का वितरण, निशुल्क जाँच एवं दवाओं की उपलब्धता, वेलनेस गतिविधियों का आयोजन करते हुये विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, योग, उचित खान-पान, एनीमिया पर चर्चा की जाएगी। शिविर में हितग्राहियों का एन.सी.डी., मोतियाबिंद के लिए आँखों का परीक्षण, वृद्धावस्था से संबंधित एन.सी.डी., मानसिक स्वास्थ्य, बधिरता स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी और उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में रक्तदान एवं अंगदान के लिए ई-रक्त कोष पोर्टल एवं ऑर्गन रजिस्ट्रेशन पोर्टल (ahdm.gov.in) में एन्ट्री की जाएगी।

## 6 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गिफ्तार

**भालूमाड़ा।** 10 मई को चौकी फुनगा द्वारा थाना भालूमाड़ा के अपराध क्रमांक 243/2018 धारा 294, 323, 326, 506, 34 ता हि. के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी कौशल शर्मा पिता केशव शर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी फुनगा को गिरफ़्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है।

## पेड़ गिरने से ट्रांसफार्मर गिरा

**उमरिया।** मौसम विभाग ने शुक्रवार की शाम से पहले एक बार फिर तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जिले के इलाके प्रभावित होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग में इसके लिए एडवाइजरी जारी की है , मौसम विभाग के अनुसार इन तीनों जिलों में भी तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। बीते दिनों ग्राम घुलघुली के नजदीक शुक्रवार को तेज आंधी चलने के कारण पेड़ बिजली की तार में गिरने के कारण पूरा ट्रांसफार्मर गिर गया था।

# 6 माह के मासूम के अपहरण मामले में रीवा पुलिस ने जबलपुर से मुख्य आरोपी सहित अन्य को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

रीवा

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत कॉलेज चौराहा के पास से छह माह के मासूम बच्चे को चोरी करने के मामले में रीवा पुलिस ने गुरुवार को जबलपुर से दो संदेहियों को गिरफ्तार में लिया है। इनमें एक युवती भी शामिल है। दोनों को कृषि उपज मंडी के पास स्थित एक यात्री निवास से पकड़ा गया। वहीं उनका एक साथी भाग निकलने में कामयाब हो गया। दोनों को रीवा पुलिस अपने साथ रीवा ले गई है। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के रहने वाले दंपत्ति रीवा के कॉलेज चौराहे के पास फुटपाथ पर रात मे रहते है वे सिग्नल पर सामान बेचने का काम करते है। दंपती 6 मई की रात सड़क किनारे सो रहे थे। साथ में तीन साल का बड़ा बेटा और छह माह छोटा बच्चा भी था। रात दो से ढाई के बीच बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। बाइक को थोड़ा दूर रोका और मच्छरदानी हटाकर बच्चा उठा लिया। बच्चे ने रोना शुरू किया। माता-पिता की नींद खुली। वे जागे, तब तक आरोपी बाइक में बच्चे को लेकर वहां से भाग निकले। मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपियों पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच की शुरू की,





वही सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आरोपी जबलपुर की ओर भागते नजर आए। पुलिस उनकी मैपिंग करते हुए जबलपुर पहुंची। जहां पता चला कि संदेही दो युवक और एक युवती आईएसबीटी में उतरे है। विजय नगर पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद जांच शुरू की गई, तो एक युवक और युवती कृषि उपज मंडी के पास एक यात्री निवास में मिले। विजय नगर पुलिस के सहयोग से टीम ने दोनों को पकड़ा और रीवा ले गई। पकड़े गए आरोपों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की जिसमे पुलिस को जानकारी मिली है कि दोनों ने बच्चे को 30 लाख मे महाराष्ट्र में बेचा है। जिसके बाद रीवा पुलिस की एक टीम जबलपुर से ही महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गई है। जहां महाराष्ट्र पुलिस की मदद से रीवा पुलिस ने दाविस दी जहां दोनों बच्चों को सकुशलता के साथ दो महिलाओं सहित आधा दर्जन संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है जिन्हें महाराष्ट्र से रीवा लेकर पुलिस आ रही है।

### इनका कहना है

पूरे मामले की अभी जांच चल रही है जांच पूरी हो जाने के बाद कि पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। अभी कोई भी जानकारी नहीं दी जाएगी ।

**अनिल सोनकर एडिशनल एसपी रीवा**

## हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी संगठन द्वारा निकाली गई महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा

रीवा

हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी संगठन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर तरुणेन्द्र शेखर प्रताप सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा मार्तण्ड स्कूल से चलकर कॉलेज चैराहा सिरमौर चैराहा अस्पताल चैराहा प्रकाश चैराहा शिल्पी प्लाजा होते हुए विवेकानंद पार्क में संपन्न हुई। शौर्य में बड़े हार्सौल्लास के साथ सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया शौर्य यात्रा का स्वागत शहर के विभिन्न व्यापारियों द्वारा किया गया जिसमें सिरमौर चैराहा में महेश स्वीट्स, अमहिया में वनस्पति बीज भंडार व शिल्पी प्लाजा में खत्री बूट हाउस के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वा गत किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा को सफल बनाने के लिए हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कु तरुणेन्द्र शेखर प्रताप सिंह द्वारा प्रशासन पत्रकार बंधु व्यापारी बंधुओ एवं सर्व समाज व संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। शौर्य यात्रा में प्रमुख रूप से शत्रुघ्न सिंह सलैया, केडी सिंह चंदेल शिल्परा, संग्राम सिंह, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, राहुल सिंह सेंगर, मानवेंद्र सिंह गहरवार, बृजेंद्र सिंह परिहार, सुखेंद्र सिंह बघेल, मनोज विश्वकर्मा, शैलेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चिरहुला मन्दिर में किया गया श्रमदान

**रीवा।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज दिनांक 10/05/2024 को चिरहुला मंदिर एवं चिरहुला पार्क में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मंदिर परिसर की सफाई तथा पार्क एवं तालाब में एकत्रित हो रहे जल कुम्भी को बड़ी मानव श्रृंखला बनाकर साफ सफाई की गई। श्रमदान के दौरान पाया गया कि अपने शहर को साफ रखने में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में लोग जुड़ते है श्रमदान के माध्यम से यह भी देखा जा रहा है कि नव युवाओं में अपने शहर के साफ सफाई को लेकर नया उत्साह जागृत हुआ है। श्रमदान के माध्यम से नगर निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि सभी नागरिक अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखने में योगदान दे सप्ताह में 1 दिन कहीं ना कहीं शहर के किसी भी हिस्से में श्रमदान अवश्य करें। जिससे हम अपने शहर को प्रथम स्थान दिलाने में सफलता प्राप्त कर सकें। श्रमदान में नगर निगम रीवा की आईईसी टीम, स्वच्छता चौंपियन, नागरिकगण, वॉर्ड दरोगा, वॉर्ड के सफाई मित्र उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री ही बताये काला धन कहां से आ रहा है: नागेन्द्र कल्चुरी

**रीवा।** तीन चरण के सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबन्धन की बढ़ती सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना आपा खो दिये और ''हम दो और हमारे दो के नाम से प्रसिद्ध अदाड़ी व अम्बानी'' को नहीं छोड़ा और काला धन कांग्रेस को देने का आरोप लगा दिया। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने 10 वर्ष के शासन काल में कभी भी अदाडी व अम्बानी का नाम नहीं लिया आखिर अब उनके ऊपर काला धन रखने का आरोप क्यों लगा दिया? कल्चुरी ने प्रधानमंत्री मोदी जी के वयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी आपने खुद कई प्रश्न खड़े कर दिये आपके सनसनी खेज वयान से पहला सवाल तो यह है कि 8 नबम्बर 2016 को आप टीवी पर आये और भूकम्प खड़ा कर दिया और देश में नोटबंदी कर दी, आपने नोटबंदी इसलिए की थी की काला धन निकाला जाय और आज 8 साल बाद कह रहे है कि बोरे भर-भर के कालाधन अदाडी व अम्बानी के पास है? दूसरा सबाल दो मुख्य मंत्रियों को आपने जेल में बैठा दिया है ईडी और सीवीआई की कार्यवाही हुई है तो अदाडी और अंबानी के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हुई, क्या ईडी और सीवीआई कुम्भकरणी निद्रा में सो रहे हैं? तीसरा सबाल आपके 10 वर्ष के कार्यकाल में जो निजीकरण हुआ है किसको बेचा गया है? आपने तो सार्वजनिक संपत्तियां अदाडी और अंबानी को......, अब प्रधानमंत्री ही बताये काला धन कहां से आ रहा है।



## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन रहा सक्रिय

**रीवा।** विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन रीवा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु ग्रामीण जनो के बीच जाकर जनता को जागरूक किया जा रहा है! अक्षय तृतीया पर शुभ मुहूर्त होने के कारण शादी ब्याह संबंधित कुछ कार्यक्रम होते है जिसके रोकथाम व जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमे शिक्षा से वंचित समाज विशेष रूप से हरिजन, आदिवासी बस्तियों में जाकर ये बाते बताई गयी! अक्सर इन बस्तियों में बाल विवाह की घटनाएं सामने आती रहती है किंतु यदि उनके परिजनों को उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणाम व कानूनी भय एवं बाल विवाह एक गैर कानूनी अपराध है इसके बारे में जानकारी देकर वंचित समाज के लोगो को अपने बच्चे व बच्चियों की शादी शासन द्वारा निर्धारित उम्र के अनुसार करने को कहे तो इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यही जनजागृति फैलाने का कार्य विदिशा शोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की टीम द्वारा किया जा रहा है।

इसके साथ ही टीम के सदस्यों द्वारा अभिभावकों से मिलकर कम उम्र में अपने बेटे बेटियों की शादी न करने की समझाइश देकर उनसे बाल विवाह न कराने का संकल्प पत्र भराया जा रहा है। ज्ञात हो कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह जैसी कुछ घटनाएं देखने को मिल जाती है जिसके जागरूकता एवं रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए विदिशा सोशल वेलफेयर रीवा की टीम कार्य कार्य कर रही है। जिसका बहुत ही सार्थक परिणाम देखने को मिल रहा है। आप मे से किसी की भी जानकारी में यदि बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो जिला प्रशासन ,महिला एवं बाल विकास विभाग या विदिशा शोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन रीवा टीम को देने की कृपा करें जिससे मासूम बच्चों की जिंदगी को बचाया जा सके व उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।



## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्म दिवस

**रीवा।** अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जी के प्रकाटोत्सव के पावन अवसर पर विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी परशुराम भक्तगण समूह द्वारा आलौकिक दिव्य झांकीयो के साथ भगवान श्री परशुराम जी की अध्यात्मिक भारतीय संस्कृति तथा सनातनी संस्कृति के अनुरूप शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए निकाली गई। शोभायात्रा दिनांक 10 मई को दोपहर 2 बजे करहिया मंण्डी प्रांगण से रवाना हुए ढोल बाजे और गाने के साथ इसका आयोजन हुआ इस शोभायात्रा में साधु संत, महात्मा, सभंत नागरिकगण, आध्यात्मिक धर्मावलम्बी जनमानस युवा तरूणायी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया साथ ही इस कार्यक्रम का समापन मानस भवन में किया गया तथा कला, संस्कृति, साहित्य, आध्यात्मिक, ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशल, समाजसेवा, पर्यावरण, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने वाले बच्चो इत्यादि के क्षेत्रो में कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया किया गया तथा भगवान श्री परशुराम जी के जीवन जन्म पर परिचचर्चा भी कि गई।





## वन विभाग ने किया तेंदूए का सफल रेस्क्यू, ग्रामीणों को मिली राहत

**रीवा ।** वनमण्डल रीवा के वनपरिक्षेत्र सिरमौर अंतर्गत ग्राम इटमा में पिछले कई दिनों से एक जंगली जानवर गांव के मवेशियों को मार रहा था। जिसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग में नाइट विजन कैमरा लगाकर पालतू जानवर को मारने वाले जंगली जानवर की पहचान प्रारंभ की जांच में पाया गया। एक तेंदुआ है जो जंगली जानवरों को मार रहा है जिसके चलते तेंदुओं को पकड़ने का निर्णय लिया गया। उच्च अधिकारियों से परमिशन मिलने के बाद गांव में एक जगह पर केज की स्थापना की गई बीती रात भी तेंदुए ने एक बछड़े को मारा लेकिन वन विभाग ने उसे बछड़े को वहां से हटा दिया और केज के अंदर तेंदुए के आने का इंतजार करने लगा भूख तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए केज में आसानी से फंस गया जिसको दूर जंगल में ले जाकर वन विभाग ने सुरक्षित छोड़ दिया।

**नेशनल लोक अदालत आज**

## नेशनल लोक अदालत में 53 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 53 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 29 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 7 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 5 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्ड पीठ क्रमांक एक में विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश श्री विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 6 में जिला न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में जिला न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में जिला न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 9 जिला न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 10 में जिला न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 11 में जिला न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में जिला न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में जिला न्यायाधीश धर्मेन्द्र सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 14 में जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 15 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूपसिंह कनेल तथा खण्डपीठ 16 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। इसी प्रकार खण्डपीठ 17 में न्यायाधीश श्री अक्षत तयाल, खण्डपीठ 18 में न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, खण्डपीठ 19 में न्यायाधीश श्री ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ 20 में न्यायाधीश सुश्री अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ 21 में न्यायाधीश श्री अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ 22 में सुश्री अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री चेतना झारिया, खण्डपीठ 25 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री पूर्वी राय, खण्डपीठ 26 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दिलीप महोर, खण्डपीठ 27 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री सृष्टि चौरसिया, खण्डपीठ 28 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री ऋचा भट्ट तथा खण्डपीठ 29 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। खण्डपीठ क्रमांक 30 में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शिवकान्त, खण्डपीठ क्रमांक 31 में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 32 में न्यायाधीश औद्योगिक न्यायालय श्री के.के. मिश्रा, खण्डपीठ क्रमांक 33 में न्यायाधीश श्रम न्यायालय श्री अमित नगायच, खण्डपीठ क्रमांक 34 में न्यायाधीश मऊगंज के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री आदेश कुमार जैन, खण्डपीठ क्रमांक 35 में प्रथम जिला न्यायाधीश मऊगंज श्री संजीव कटारे, खण्डपीठ क्रमांक 36 में द्वितीय जिला न्यायाधीश मऊगंज हीरालाल अलावा, खण्डपीठ क्रमांक 37 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री साजिद मोहम्मद, खण्डपीठ क्रमांक 38 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्रीमती गीता उईके, खण्डपीठ क्रमांक 39 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री आनंद बागरी, खण्डपीठ क्रमांक 40 में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज सुश्री ओशी जैन, खण्डपीठ क्रमांक 41 में जिला न्यायाधीश सिरमौर श्री संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 42 में जिला न्यायाधीश सिरमौर के अतिरिक्त श्री संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 43 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 44 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर डॉ. श्री अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 45 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 46 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर श्री अमित कुमार शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 47 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर श्री दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 48 में अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र श्री कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 49 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर सुश्री वंदना सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 50 मे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती नीघू श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 51 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 52 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्री विनोद कुमार चौधरी तथा खण्डपीठ क्रमांक 53 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्रीमती कीर्ति दुबे प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।